मैं श्री चतर सिंह पुत्र श्री तोला राम, पता– उद्पाल्टा, देहरादून, उत्तराखण्ड यह घोषणा करता हूँ कि मैं महाविद्यालय में सत्र 2023-24... हेतु लोक सेवा आयोग से नियमित चयन होने तक अथवा नियमित प्राध्यापक के स्थानान्तरण फलस्वरूप कार्यभार ग्रहण करने अथवा 11 माह की अवधि तक अस्थायी व्यवस्थान्तर्गत सम्पादित शिक्षण कार्य किये जाने के आधार पर विनियमितकरण की मांग नहीं करूँगा और न ही लोक सेवा आयोग द्वारा किये जाने वाले चयन हेतु किसी अधिकार का दावा करूँगा। महाविद्यालय के प्राचार्य/संरक्षक द्वारा दिये गये शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों के दायित्वों को पूर्ण करने का वचन देता हूँ एवं ऐसा न करने पर मेरी संविदा समाप्त करने का अधिकार नियोक्ता को होगा।

दिनांक 27.02.2023

01/03/2023
हस्ताक्षर

नाम- श्री-चतर सिंह
पदनाम - (स० प्रा० अंग्रेजी)
पता - ग्राम-उदपल्टा, पो०-सहिया, त०काલसी, जिला-देहरादून (उत्तराखण्ड)
फोन नं0 - 9012659368

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

Government of Uttarakhand

e-Stamp

Certificate No.	:	IN-UK36644915171591V
Certificate Issued Date	:	27-Feb-2023 12:27 PM
Account Reference	:	NONACC (SV)/ uk1219704/ VIKAS NAGAR/ UK-DH
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UKUK121970483190391379228V
Purchased by	:	CHATTAR SINGH
Description of Document	:	Article 5 Agreement or Memorandum of an agreement
Property Description	:	AGREEMENT
Consideration Price (Rs.)	:	0 (Zero)
First Party	:	PRINCIPAL OF THE G D C NAINBAG
Second Party	:	CHATTAR SINGH
Stamp Duty Paid By	:	CHATTAR SINGH
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	100 (One Hundred only)

NOTARY UTTARAKHAND
NOTARIAL NOTARIAL

AAKASH KUMAR
E-STAMP VENDER
Tehsil-Vikas Nagar (Dehradun)

Please write or type below this line

NOTARY
Rajendra Singh Rawat
Advocate
Teh.-Vikas Nagar
Distt.- Dehradun
R.No. -55(01)/2022
GOVT. OF UTTARAKHAND (INDIA)

अस्थाई व्यवस्था अन्तर्गत अभ्यर्थी से पूरित कराये जाने वाले शपथ पत्र का प्रारूप

यह अनुबन्ध पत्र प्राचार्य सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा जिसे प्रथम पक्ष कहा गया है एवं अभ्यर्थी श्री चतर सिंह पुत्र श्री तोला राम, पता– उद्पाल्टा, देहरादून, उत्तराखण्ड को द्वितीय पक्ष कहा गया है, के मध्य निम्नलिखित शर्तो के अधीन अनुबन्ध किया गया है।

1. यह कि द्वितीय पक्ष को शिक्षा सत्र 2023-24 में लोक सेवा आयोग से नियमित चयन होने अथवा नियमित प्राध्यापक के स्थानान्तरण फलस्वरूप कार्यभार ग्रहण करने अथवा 11 माह की अवधि तक जो भी पहले हो हेतु, अस्थायी व्यवस्था अन्तर्गत शिक्षण कार्य हेतु आमंत्रित किया जाता है।
2. यह कि द्वितीय पक्ष को शिक्षण अवधि में रू0 35,000/– प्रतिमाह की दर से मानदेय का भुगतान किया जायेगा।
3. यह कि द्वितीय पक्ष को प्रत्येक कार्यदिवस पर महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों हेतु निर्धारित अवधि अनुसार महाविद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
4. यह कि द्वितीय पक्ष को सामान्य परिस्थितियों में 11 माह पश्चात दो दिन का टोकन ब्रेक दिया जायेगा।
5. यह कि द्वितीय पक्ष अस्थायी व्यवस्था के अन्तर्गत किये गये शिक्षण कार्य के आधार पर नियमित नियुक्ति की मांग नहीं करेगा और न ही उक्त अस्थायी शिक्षण कार्य हेतु रखे जाने से उसका नियमित नियुक्ति के लिए विधिक अधिकार होगा।
6. यह कि द्वितीय पक्ष पर प्रथम पक्ष का पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण होगा।
7. यह कि अनुबन्ध की शर्तो का उल्लंघन करने एवं महाविद्यालय के हित में प्रथम पक्ष द्वारा द्वितीय पक्ष को सौपे गये दायित्वों का निर्वहन न किये जाने पर किसी भी समय इस अनुबन्ध को नियमानुसार समाप्ति का अधिकार प्रथम पक्ष को होगा।
8. यह कि इस विषय में उत्पन्न किसी भी विवाद पर उत्तराखण्ड शासन/उच्च शिक्षा निदेशालय का निर्णय अन्तिम होगा।
9. यह अनुबन्ध आज दिनांक 27.02.2023 को स्थान विकासनगर, जिला देहरादून के अन्तर्गत हुआ।

Sumita 01.03.2023

हस्ताक्षर प्रथम पक्ष
(प्राचार्य)
Principal
Govt. ... College
Nai... (Garhwal)

हस्ताक्षर द्वितीय पक्ष
(अस्थायी शिक्षक)

ह0 साक्षी 1. 01.03.23
(Dr. Brish Kumar)

ह0 साक्षी 2. 01.03.2023
(Sandeep Kumar)

Identified by

ATTESTED

(Rajendra Singh Rawat)
ADVOCATE & NOTARY
VIKASNAGAR, Reg.No. 55(01)/20..

उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड,

डिग्री सेवा/संविदा/ 7056 /2022–23

हल्द्वानी, नैनीतालः दिनांक 25 जनवरी, 2023

ई–मेल highereducation.director@gmail.com

उत्तराखण्ड राज्य

372

25-01-2023

प्राचार्य

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त राजकीय स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
उत्तराखण्ड।

विषयः उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत योगदानरत समस्त अस्थायी प्रकृति के शिक्षकों की सेवा शर्तो एवं अन्य सुविधाओं के सन्दर्भ में।

महादेय,

उपरोक्त विषयक निदेशालय के पूर्व पत्रांक डिग्री सेवा/संविदा/6864/2022–23 दिनांक 17 जनवरी, 2023 द्वारा प्रेषित कार्यवृत के क्रम में निम्नवत निर्देश प्रदान किये जाते हैं:–

1. अस्थायी शिक्षकों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के दृष्टिगत उन्हें प्रत्येक वर्ष/सत्र की संविदा अवधि में 10 दिनों का "**आकस्मिक अवकाश**" तथा विभागीय हित एवं महाविद्यालय नैक मूल्यांकन आदि में शोध सम्बन्धी गतिविधियों की महत्ता के दृष्टिगत प्रत्येक संविदा वर्ष/सत्र में 12 दिवसों का यात्रा अवधि सहित "**एकेडमिक अवकाश**" अनुमन्य किया जाएगा।
2. शासकीय नियमों में दीर्घावकाशों की देयता उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत कार्यरत मात्र नियमित वैकेशनल कार्मिकों को ही है, तथापि अस्थायी शिक्षकों के सन्दर्भ में व्यवहारिक पक्ष के दृष्टिगत दीर्घावकाश अवधि में महाविद्यालयों में परीक्षा कार्य संचालित न हो रहे हों तो प्राचार्य विवेकानुसार/महाविद्यालय की आवश्यतानुसार अस्थायी शिक्षकों को घर/इच्छित स्थल से ऑनलाइन शिक्षण कार्य हेतु अनुमति प्रदान कर सकेगें। इस अवधि में ऑनलाइन शिक्षण कार्य के दृष्टिगत अस्थायी शिक्षकों को ऑनलाइन शिक्षण का डाटा सुरक्षित कर महाविद्यालय में ससमय प्रस्तुत करना होगा ताकि प्राचार्य द्वारा नियमानुसार वेतन आहरण की कार्यवाही की जा सके।
3. अस्थायी शिक्षकों की संविदा अवधि केवल 11 माह होगी, 11 माह पश्चात 02 दिवसीय टोकन ब्रेक पश्चात अनिवार्य रूप से नियोक्ता (**महाविद्यालय प्राचार्य**) द्वारा नई संविदा शपथपत्र में पूरित करवाई जानी होगी, जिसका अनुमोदित '**प्रारूप एकरूपता' के दृष्टिगत संलग्न कर** प्रेषित किया जा रहा है, संलग्न व अनुमोदित प्रारूप से भिन्न प्रारूप कदापि न हो अन्यथा समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।
4. अस्थायी शिक्षकों को प्रत्येक कार्यदिवस पर महाविद्यालय में नियमित शिक्षकों की भांति निर्धारित अवधि अनुसार महाविद्यालय में उपस्थित रहना होगा।
5. नियमित शिक्षकों हेतु निर्धारित सेवा निवृत्ति आयु प्राप्त होने के दिनांक पर सम्बन्धित अस्थायी शिक्षक की संविदा स्वतः समाप्त हो जायेगी।
6. उपरोक्त समस्त सेवा शर्ते विभागान्तर्गत योगदानरत समस्त (**प्रातःकालीन/सांध्यकालीन, गैस्ट फैकल्टी, संविदा शिक्षक एवं समस्त नितान्त अस्थायी शिक्षक**) अस्थायी प्रकृति के शिक्षकों पर लागू होगी, यह व्यवस्था स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में योगदानरत शिक्षकों पर लागू नहीं होगी।

भवदीय,

(डॉ0 जगदीश प्रसाद)
प्रभारी निदेशक (उच्च शिक्षा),

अस्थायी व्यवस्था अन्तर्गत अभ्यर्थियों से पूरित कराये जाने वाले शपथ पत्र का प्रारूप

यह अनुबन्ध प्राचार्य सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा जिसे प्रथम पक्ष कहा गया है एवं अभ्यर्थी.....पुत्र/पुत्री.....पता.....
.....को द्वितीय पक्ष कहा गया है के मध्य निम्नलिखित शर्तों के अधीन अनुबन्धत किया गया है।

1. यह कि द्वितीय पक्ष को शिक्षा सत्र.....में लोक सेवा आयोग से नियमित चयन होने अथवा नियमित प्राध्यापक के स्थानान्तरण फलस्वरूप कार्यभार ग्रहण करने अथवा 11 माह की अवधि तक जो भी पहले हो हेतु, अस्थायी व्यवस्था अर्न्तगत शिक्षण कार्य हेतु आमंत्रित किया जाता है।
2. यह कि द्वितीय पक्ष को शिक्षण अवधि में रू0 35000/– प्रतिमाह की दर से मानदेय का भुगतान किया जायेगा।
3. यह कि द्वितीय पक्ष को प्रत्येक कार्यदिवस पर महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों हेतु निर्धारित अवधि अनुसार महाविद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
4. यह कि द्वितीय पक्ष को सामान्य परिस्थितियों में 11 माह पश्चात दो दिन का टोकन ब्रेक दिया जायेगा।
5. यह कि द्वितीय पक्ष अस्थायी व्यवस्था के अन्तर्गत किये गये शिक्षण कार्य के आधार पर नियमित नियुक्ति की मांग नहीं करेगा और न ही उक्त अस्थायी शिक्षण कार्य हेतु रखे जाने से उसका नियमित नियुक्ति के लिए विधिक अधिकार होगा।
6. यह कि द्वितीय पक्ष पर प्रथम पक्ष का पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण होगा।
7. यह कि अनुबन्ध की शर्तो का उलंघन करने एवं महाविद्यालय के हित में प्रथम पक्ष द्वारा द्वितीय पक्ष को सौपे गये दायित्वों का निर्वहन न किये जाने पर किसी भी समय इस अनुबन्ध को नियमानुसार समाप्ति का अधिकार प्रथम पक्ष को होगा।
8. यह कि इस विषय में उत्पन्न किसी भी विवाद पर उत्तराखण्ड शासन/उच्च शिक्षा निदेशालय का निर्णय अन्तिम होगा।
9. यह अनुबन्ध आज दिनांक .....को स्थान.....
के अन्तर्गत हुआ।

हस्ताक्षर प्रथम पक्ष
(प्राचार्य)

हस्ताक्षर द्वितीय पक्ष
(अस्थायी शिक्षक)

हस्ताक्षर साक्षी–

1.

2.

अनुबन्ध

मै.....यह घोषणा करता हूँ कि मै महाविद्यालय में सत्र ..... हेतु लोक सेवा आयोग से नियमित चयन होने तक अथवा नियमित प्राध्यापक के स्थानान्तरण फलस्वरूप कार्यभार ग्रहण करने अथवा 11 माह की अवधि तक अस्थायी व्यवस्थान्तर्गत सम्पादित शिक्षण कार्य किये जाने के आधार पर विनियमितकरण की मांग नही करूँगा और न ही लोक सेवा आयोग द्वारा किये जाने वाले चयन हेतु किसी अधिकार का दावा करूँगा। महाविद्यालय के प्राचार्य/संरक्षक द्वारा दिये गये शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों के दायित्वों को पूर्ण करने का वचन देता हूँ एवं ऐसा न करने पर मेरी संविदा समाप्त करने का अधिकार नियोक्ता को होगा।

दिनांक.....

हस्ताक्षर

नाम
पदनाम
पता
फोन न0

ई मेल–degreeseva1@gmail.com

प्रेषक,

निदेशक,
उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी (नैनीताल)।

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/संयुक्त निदेशक (उच्च शिक्षा),
राजकीय स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः 8318 /डिग्री सेवा–1/एक–29(68/1)/(प्राचार्य निर्देश)/2022–23 दिनाँकः 15 मार्च, 2023

विषयः **प्राध्यापकों के बाल्य देखभाल अवकाश एवं त्यागपत्र के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्राध्यापकों के बाल्य देखभाल अवकाश एवं त्यागपत्र के सम्बन्ध में निम्नवत अवगत कराया जाता है:

1. **बाल्य देखभाल अवकाश (महिला):** कतिपय महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा संगत नियमों का परीक्षण किये बिना प्राध्यापकों को परिवीक्षा अवधि में स्वयं के स्तर से सीधे बाल्य देखभाल अवकाश स्वीकृत किया जा रहा है। सरकारी सेवक महिला के बाल्य देखभाल अवकाश स्वीकृति के सम्बन्ध में **उत्तराखण्ड शासन, वित्त(वे0आ0–सा0नि0)अनु0–7 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 11/XXVII(7)34/2011 दिनाँक 30 मई, 2011 तथा उत्तराखण्ड शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–7 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 418/XXIV(7)45(4)/2011 दिनाँक 06 जून, 2012 का संज्ञान नहीं लिया जा रहा है (संलग्नक–1,2)।**

शासनादेश संख्याः 11 दिनाँक 30 मई, 2011 के **प्रस्तर–2(iii)** में स्पष्ट है कि **परिवीक्षा काल में बाल्य देखभाल अवकाश अनुमन्य नहीं होगा, विशेष परिस्थितियों में यदि नियुक्ति अधिकारी चाहें तो बाल्य देखभाल अवकाश गुण–दोष के आधार पर कम से कम अवधि का अनुमन्य किये जाने पर विचार कर सकते हैं।**

2. **स्थायी/अस्थायी शिक्षकों के त्यागपत्रः** स्थायी अथवा अस्थायी प्राध्यापकों के त्यागपत्र स्वीकृति का निर्णय शासन (नियोक्ता) स्तर से लिया जाता है।

(क) स्थायी शिक्षकों (परिवीक्षा अवधि उपरान्त) के त्यागपत्रः उत्तरांचाल शासन, कार्मिक अनुभाग–2,की अधिसूचना संख्याः 589/कार्मिक–2/2003–55(38)/2003 दिनाँक 13 मई, 2003 (उत्तराचांचल सरकारी सेवक त्यागपत्र नियमावली, 2003) के प्रस्तर–4(1) के अनुसार कार्मिक को लिखित रूप से तीन माह पूर्व सूचना देकर त्यागपत्र दे सकता है तथा (प्रस्तर–4(2)(दो) के अनुसार कार्मिक का त्यागपत्र नियोक्ता को सम्बोधित होगा **(संलग्नक–3)**।

(ख) अस्थायी शिक्षकों (परिवीक्षा अन्तर्गत) के त्यागपत्रः उत्तर प्रदेश शासन,नियुक्ति अनुभाग–3, के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 43/1/71–नियुक्ति–3 लखनऊ, दिनाँक 14 सितम्बर, 1972 के **प्रस्तर–3 (1) में दी गई व्यवस्थानुसार अस्थायी कर्मचारी की सेवा एक महीने की नोटिस अथवा उसके एवज में वेतन देकर समाप्त की जासकती है। नोटिस में सेवा समाप्ति के कारण का उल्लेख नहीं होना चाहिए (संलग्नक–4) तथा** उत्तरांचल सरकारी सेवक त्यागपत्र नियमावली, 2003 **(प्रस्तर–4(2)(दो)** के अनुसार कार्मिक का त्यागपत्र नियोक्ता को सम्बोधित होगा।

उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि **समूह 'क' एवं 'ख' संवर्ग के कार्मिकों के दृष्टिगत नियुक्ति अधिकारी, सचिव, उच्च शिक्षा है। समूह–'ग' संवर्ग के नियुक्ति अधिकारी संयुक्त निदेशक तथा समूह–'घ' संवर्ग हेतु महाविद्यालय प्राचार्य हैं।**

अतः समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि स्थायी/अस्थायी कार्मिकों के बाल्य देखभाल अवकाश (महिला) एवं त्यागपत्र प्रत्यावेदन के क्रम में **प्रस्तर–1** एवं **प्रस्तर–2(क)(ख) में दिये गये निर्देशों के क्रम में भविष्य में** कार्यवाही सुनिश्चित करें।

संलग्नः उक्तवत्।

भवदीय,

(डॉ0 चन्द्र दत्त सूँठा)
प्रभारी निदेशक उच्च शिक्षा
उत्तराखण्ड हल्द्वानी (नैनीताल)

Ghani/Coll. Imp./Principal Direction

संलग्नक -1

उत्तराखण्ड शासन
वित्त(वे0आ0–सा0नि0)अनु0–7
संख्या– 11 /xxvii(7)34 / 2011
देहरादून, दिनांक 30 मई,2011

कार्यालय ज्ञाप

विषयः–राज्य सरकार की सरकारी सेवक महिला को बाल्य देखभाल अवकाश की स्वीकृति।

राज्य सरकार की महिला सरकारी सेवकों को विशिष्ठ परिस्थितियों यथा संतान की बीमारी अथवा परीक्षा आदि में सन्तान की 18 वर्ष की आयु तक देखभाल हेतु सम्पूर्ण सेवाकाल में अधिकतम दो वर्ष(730 दिन) का बाल्य देखभाल अवकाश निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन अनुमन्य कराये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

(1) बाल्य देखभाल अवकाश केवल दो बड़े जीवित बच्चों के लिए ही अनुमन्य होगा।

(2) बाल्य देखभाल अवकाश अधिकार के रूप में नहीं माना जा सकेगा तथा किसी भी परिस्थिति में कोई भी कर्मचारी बिना पूर्व स्वीकृति के बाल्य देखभाल अवकाश पर नहीं जा सकेगा।

(3) बाल्य देखभाल अवकाश उपार्जित अवकाश की भांति माना जाएगा और उसी तरह स्वीकृत एवं अवकाश खाता रखा जाएगा।

(4) उपार्जित अवकाश की भांति बाल्य देखभाल अवकाश के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश को बाल्य देखभाल अवकाश में सम्मिलित माना जाएगा।

2– बाल्य देखभाल अवकाश(Child Care Leave) निम्न शर्तों के अधीन अनुमन्य होगा:–

(i) बाल्य देखभाल अवकाश कलैण्डर वर्ष में अधिकतम 3 बार अनुमन्य होगा।

(ii) बाल्य देखभाल अवकाश 15 दिन से कम अनुमन्य नहीं होगा।

(iii) परिवीक्षा काल में बाल्य देखभाल अवकाश अनुमन्य नहीं होगा, विशेष परिस्थितियों में यदि नियुक्ति अधिकारी चाहें तो बाल्य देखभाल अवकाश गुण–दोष के आधार पर कम से कम अवधि का अनुमन्य किये जाने पर विचार कर सकतें हैं।

उक्त व्यवस्था विभिन्न विभागों के राजकीय एवं सहायता प्राप्त शिक्षण/प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं की महिला शिक्षकों(UGC,CSIR एवं ICAR से आच्छादित पदों को छोड़कर) एवं सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के शिक्षणेत्तर महिला कर्मचारियों पर भी लागू होगी।

3– उक्त व्यवस्था दिनांक 01 मई,2011 से प्रभावी होगी।

भवदीय,

(राधा रतूड़ी)
सचिव,वित्त

संलग्नक-2

उत्तराखण्ड शासन
उच्च शिक्षा अनुभाग–7
संख्या– 418 / XXIV(7) 45(4) / 2011
देहरादून : दिनांक 06 मई, 2012
कार्यालय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्गत नियमन, 2010 के प्रस्तर 8.4.9 में महिला शिक्षकों के लिए बाल्य देखभाल अवकाश (Child Care Leave) के सम्बन्ध में निम्न व्यवस्था की गयी है "Women teachers having minor children may be granted leave up to two years for taking care of their minor children. Child care leave for a maximum period of two years (730 days) may be granted to the women teachers during entire service period in lines with Central Government women employees. In the cases, where the child care leave is granted more than 45 days, the University/College/Institution may appoint a part time/guest substitute teacher with intimation to the UGC.

2– अतः उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत राज्य के विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों में कार्यरत नियमित महिला शिक्षकों को यू0जी0सी0 के दिशा निर्देशों के आधार पर विशिष्ट परिस्थितियों यथा संतान की बीमारी अथवा परीक्षा आदि में सन्तान की 18 वर्ष की आयु तक देखभाल हेतु सम्पूर्ण सेवाकाल में अधिकतम दो (02) वर्ष (730 दिन) का बाल्य देखभाल अवकाश की अनुमन्यता राज्य सरकार की सरकारी महिला सेवक हेतु वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–11 / XXVII(7)34 / 2011 दिनांक 30 मई 2011 में निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन स्वीकृत किये जाने की महामहिम राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3– यदि किसी महिला शिक्षक को 45 दिन से अधिक का अवकाश स्वीकृत किया जाता है तो विश्वविद्यालय / महाविद्यालय द्वारा आवश्यकता होने पर मात्र शिक्षण कार्य के लिए यू0जी0सी0 दिशा–निर्देशानुसार अंशकालिक व्यवस्था की जायेगी, जिससे मात्र शिक्षण कार्य ही कराया जायेगा। परीक्षा एवं अन्य शिक्षणेत्तर कियाकलापों के सम्बन्ध में उसे योजित नहीं किया जायेगा।

4– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्गत नियमन, 2010 द्वारा अवकाश के सम्बन्ध में की गई व्यवस्था उक्त सीमा तक प्रभावी होगी।

5– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–19 दिनांक 29.05.2012 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,

(निधीशा मनराल)
प्रमुख सचिव।

पृष्ठांकन संख्या — 41/XXIV(7)/45(4)/2011 तददिनांकित।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. सचिव, श्री राज्यपाल/कुलाधिपति, उत्तराखण्ड।
3. कुलपति, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्तानुसार नियमों के अन्तर्गत संगत परिनियमावली में तदनुरूप संशोधन/प्राविधान करने का कष्ट करें।
4. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।
5. निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6. उप निदेशक, उच्च शिक्षा शिविर कार्यालय देहरादून।
7. वित्त अधिकारी, उच्च शिक्षा निदेशालय हल्द्वानी।
8. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(वेदीराम),
अनु सचिव।

संलग्नक-3

उत्तरांचल शासन

कार्मिक अनुभाग–2

संख्या 589/कार्मिक–2/2003–55 (38)/2003

देहरादून, 13 मई, 2003

अधिसूचना

प्रकीर्ण

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :–

उत्तरांचल सरकारी सेवक त्याग–पत्र नियमावली, 2003

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. (1) यह नियमावली "उत्तरांचल सरकारी सेवक त्याग–पत्र नियमावली, 2003" कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

अध्यारोही प्रभाव

2. यह नियमावली संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक के अधीन राज्यपाल द्वारा बनाई गई किसी अन्य नियमावली या इस निमित्त जारी किये गये कार्यपालक आदेशों में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, प्रभावी होगी।

परिभाषायें

3. जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में पद–

(क) किसी सेवा के सम्बन्ध में "नियुक्ति प्राधिकारी" का तात्पर्य सुसंगत सेवा नियमावली के अधीन ऐसी सेवा में नियुक्तियाँ करने के लिए सशक्त प्राधिकारी से है;

(ख) "संविधान" का तात्पर्य भारत का संविधान से है;

(ग) "सरकार" का तात्पर्य उत्तरांचल की राज्य सरकार से है;

(घ) "सरकारी सेवक" का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 309 के अधीन बनाई गई सुसंगत सेवा नियमावली के अधीन किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त किसी व्यक्ति से है;

(ङ) "राज्यपाल" का तात्पर्य उत्तरांचल के राज्यपाल से है;

(च) "मौलिक नियुक्ति" का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति से है जो तदर्थ नियुक्ति न हो, और उस सेवा से संबंधित सेवा नियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गई हो।

त्याग–पत्र की सूचना

4. (1) कोई सरकारी सेवक लिखित रूप से तीन मास की सूचना देकर अपनी सेवा से त्याग–पत्र दे सकता है।

(2) त्याग–पत्र की सूचना–

(एक) स्वैच्छिक और बिना शर्त होगी;

(दो) प्राधिकारी जिसके अधीन उक्त सरकारी सेवक त्याग–पत्र देने के समय कार्य कर रहा हो, को सूचित करते हुए नियुक्ति प्राधिकारी को संबोधित की जायेगी :

परन्तु नियुक्ति प्राधिकारी किसी सरकारी सेवक को बिना किसी सूचना या किसी अल्पतर सूचना के त्याग–पत्र की अनुमति देने के लिए स्वतन्त्र होगा।

त्याग–पत्र का स्वीकार या अस्वीकार किया जाना

5. (1) सरकारी सेवक का त्याग–पत्र तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक कि इसे नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता है और उसके औपचारिक आदेश जारी नहीं किये जाते हैं। नियुक्ति प्राधिकारी स्वविवेकानुसार त्याग–पत्र स्वीकार करने से इन्कार कर सकता है यदि–

(एक) सरकारी सेवक सरकार के प्रति किसी धनराशि का देयता हो और/या कोई अन्य दायित्व हो तो जब तक कि देय धनराशि का भुगतान न कर [illegible] का निर्वहन न किया गया हो।

या

(दो) सरकारी कर्मचारी निलम्बित हो।

या

(तीन) उसके विरुद्ध कोई जांच संकल्पित या लम्बित हो।

या

(चार) अपराधिक आरोप से सम्बन्धित अन्वेषण, जाँच या परीक्षण लम्बित हो और [illegible] सरकारी सेवक के रूप में उसकी शासकीय स्थिति से सम्बन्धित हो।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी यथासम्भव सूचना की अवधि के अवसान के पूर्व त्याग–पत्र [illegible] विनिश्चय करेगा।

सेवा समाप्ति

6. उक्त सरकारी सेवक की सेवायें उसके त्याग–पत्र स्वीकृति के आदेश के जारी होने के दिनांक से या ऐसे भविष्यवर्ती दिनांक से जैसा उसमें उल्लिखित किया जाय, समाप्त हो जायेंगी।

त्याग–पत्र का वापस लेना

7. सरकारी सेवक नियुक्ति प्राधिकारी को लिखित रूप में एक निवेदन प्राप्त कराकर इस नियमावली के नियम 6 में यथा–उपबन्धित अपनी सेवाओं की समाप्ति के दिनांक के पूर्व [illegible] त्याग–पत्र वापस ले सकता है।

आज्ञा से,

आलोक कुमार जैन,
सचिव।

In pursuance of the provisions of Clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 589/Karmik--2/2003--55 (38)/2003, dated May 13, 2003 for general information :

No. 589/Karmik--2/2003--55(38)/2003
Dated Dehradun, May 13, 2003

NOTIFICATION

Miscellaneous

In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the Governor is pleased to make the following rules :--

THE UTTARANCHAL GOVERNMENT SERVANTS RESIGNATION RULES, 2003

Short title and commencement

1. (1) The rules may be called "The Uttaranchal Government Servants Resignation Rules, 2003".

(2) They shall come into force at once.

Overriding effect

2. These rules shall have effect notwithstanding anything to the contrary contained in any other rules made by the Governor under the proviso to Article 309 of the Constitu-

5- समस्त मितव्ययिता [illegible], उत्तर प्रदेश।
6- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
7- समस्त प्रत्युत्तरदायी अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लोक सेवा अधिकरण।

आज्ञा से,
ज्ञान प्रकाश,
अनु सचिव।

प्रतिलिपि
उत्तर प्रदेश शासन
नियुक्ति अनुभाग-3
संख्या 43/1/71-नियुक्ति-3
लखनऊ, दिनांक 14 सितम्बर, 1972

कार्यालय-ज्ञाप

विषय :- अस्थायी सरकारी कर्मचारियों की सेवाओं की समाप्ति के कारण का उल्लेख किया जाना।

निम्न हस्ताक्षरकर्ता को यह कहने का निदेश हुआ है कि नियुक्ति (ख) विभाग की विज्ञप्ति संख्या 130/2-बी-1953, दिनांक 30 जनवरी, 1953 द्वारा प्रख्यापित सामान्य नियम या नियुक्ति आदेश में दी गई शर्तों के अनुसार किसी अस्थायी सरकारी कर्मचारी की सेवायें समाप्त की जा सकती हैं, परन्तु सेवा समाप्ति के आदेश में किसी कारण का उल्लेख नहीं होना चाहिए। साधारणतया सेवा समाप्ति के दो कारण होते हैं-(1) अधिष्ठान में कमी अथवा/और (2) किसी अस्थायी सरकारी कर्मचारी के कार्य तथा आचरण का असंतोषजनक होना। अधिष्ठान में कमी के कारण किसी अस्थायी कर्मचारी की सेवा समाप्त किये जाने का सामान्य सिद्धांत "अन्तिम आगमन प्रथम बहिर्गमन (Last come first go)" है और ऐसे मामलों में इसी सिद्धान्त का अनुपालन होना चाहिये। इस सिद्धांत का अनुपालन उस दशा में आवश्यक नहीं है जब कि सेवा समाप्ति कर्मचारी के असंतोषजनक कार्य तथा आचरण के कारण की जाय। इस विषय में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने गोपाल प्रसाद सिंह (1968, ए० डब्लू० आर०, 735) में निम्नलिखित निर्णय दिया था :-

"In our view the termination of services of a temporary employee or reversion of an officiating employee from a higher post to his lower substantive post, while retaining his juniors in service or in the higher post, as the case may be, would be hit by Article 16 only where such termination or reversion is necessitated by exigencies of service, e.g., retrenchment following abolition of posts, availability of permanent incumbents for appointment to the posts on their return from deputation or leave. There would be no infringement of Article 16 if the services of a temporary employee are terminated or if an officiating employee in a higher post is reverted to his lower substantive post for other reasons, e.g. on the ground of misconduct, inefficiency or unsuitability."

2- शासन की जानकारी में एक ऐसा मामला आया है कि जिसमें अस्थायी सरकारी कर्मचारी की सेवायें, कार्य तथा आचरण के असंतोषजनक होने के कारण समाप्त की गई थी और उस कर्मचारी ने इस आधार पर उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दी कि उससे कनिष्ठ कर्मचारियों को सेवा में रखे रखा गया, जिससे संविधान के अनुच्छेद 16 का उल्लंघन हुआ। यह मामला बाद तथा [illegible] के समान [illegible] था, जिसमें भी [illegible] के आधार को स्वीकार करते हुए उच्च न्यायालय ने दिनांक 23 अक्टूबर, 1969 को निम्नलिखित निर्णय दिया :-

"There is not a whisper about any administrative exigency compelling the respondents to terminate the petitioner's services while retaining that of his juniors. The petitioner has not been classified on any tangible ground as belonging to a class different than those whose services have not been terminated. It has not been suggested that the petitioner's performance was not as good or as satisfactory as that of his juniors. No facts have been given in the counter affidavit to indicate the real reason for which the petitioner's services were terminated ———All this would show that no particular principle was adopted by the respondents while deciding as to which temporary servant's services should be terminated. No reasons have been given to show the circumstances under which the respondents were compelled to terminate the services of the petitioner and retain three others who were appointed after him and were junior to him.

In other circumstances obtaining in this case I would be inclined to agree with the submission that the impugned order violates the guarantee of equality of opportunity guaranteed under Article 16 (i) read with Article 14 of the Constitution.

3- उपरोक्त उद्धरण से यह स्पष्ट है कि उच्च न्यायालय ने भी उपरोक्त कानून के पक्ष में इसलिए फैसला दिया था कि प्रति-शपथ-पत्र (काउन्टर एफिडेविट) में भी कानून की सेवायें समाप्त किये जाने के कारण का उल्लेख नहीं किया गया था। इस फैसले में अस्थायी कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के बारे में शासन ने यह निर्णय लिया है कि:-

(1) अस्थायी कर्मचारी की सेवा एक महीने की नोटिस अथवा उसके एवज में वेतन देकर समाप्त की जा सकती है। नोटिस में सेवा समाप्ति के कारण का उल्लेख नहीं किया जायेगा।

(2) अधिष्ठान में कमी होने के कारण यदि किसी विभाग में कर्मचारियों की छंटनी की जाए तो ऐसी दशा में अन्तिम आगमन प्रथम बहिर्गमन (लास्ट कम फर्स्ट गो) का सिद्धांत अपनाया जाये।

(3) यदि किसी अस्थायी कर्मचारी की सेवायें अधिष्ठान में कमी होने के कारण समाप्त न की जाय अथवा नं० (2) में उल्लिखित सिद्धांत का अनुपालन सम्भव न हो सके और किसी ज्येष्ठ कर्मचारी को उसके असन्तोषजनक कार्य तथा आचरण के कारण से हटाना आवश्यक हो तो नियमानुसार उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है। ऐसे कर्मचारी को जो नोटिस दी जाय, उसमें भी सेवा समाप्ति का कारण न बताया जाय।

(4) यदि नं० (3) में वर्णित कर्मचारी [illegible] कोई सेवा कर्मचारी जिसकी सेवायें असंतोषजनक कार्य तथा आचरण इत्यादि के कारण समाप्त की गई हों, अपनी सेवा समाप्ति के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर करे अथवा [illegible] में प्रस्तुत करे तो [illegible] प्रतिशपथ-पत्र (काउन्टर एफिडेविट) में सेवा समाप्ति के कारणों का [illegible] इस बात पर [illegible] कि वे समाप्ति के लिए आधार (Basis) नहीं हैं, [illegible] दिये जाएं।

4- आपसे अनुरोध है कि भविष्य में ऐसे मामलों में उपरोक्त निर्देशानुसार कार्यवाही की जाए।

[illegible] कुमार [illegible],
सचिव।

सेवा में,
परिपत्रक के प्रसार अनुसार